# जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन के अर्न्तगत कराये जा रहे कार्यो की प्रगति समीक्षा के सम्बन्ध में दिनांक 02.06.2026 को कलेक्ट्रेट सभागार में आहूत बैठक का कार्यवृत्त।

जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में दिनांक 02.06.2026 को कलेक्ट्रेट सभागार में जल जीवन मिशन के अर्न्तगत कराये जा रहे कार्यों की समीक्षा की गयी। समीक्षा बैठक में अधोहस्ताक्षरी के साथ मुख्य विकास अधिकारी, महोदया, सहायक अभियन्ता, अवर अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण), परियोजना प्रबन्धक एन0सी0सी0 लिमिटेड हरदोई, जिला समन्वयक, जिला परियोजना प्रबन्धन इकाई (डी0पी0एम0यू0) व टी.पी.आई से डी.टी.एल. उपस्थित रहे। समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी महोदय द्वारा निम्नवत् निर्देश दिये गये–

1. समीक्षा बैठक में अधोहस्ताक्षरी द्वारा प्रगति विवरण पत्र प्रस्तुत किया गया जिसमें यह पाया गया कि जनपद में कुल 131 योजनाएं ओवरहेड टैंक की, 09 योजनाएं पंप हाउस की एवं 03 योजनाएं बाउंड्री वॉल की ऐसी है जिनकी प्रगति 75 से 99 प्रतिशत के बीच है। माह मई 2026 की बैठक में जिलाधिकारी महोदय द्वारा बैठक में उपस्थित जनपद की कार्यदायी संस्था एन.सी.सी. लिमिटेड के परियोजना प्रबंधक को निर्देशित किया गया कि अधिक से अधिक योजनाओं के ओवरहेड टैंक तथा पंप हाउस का कार्य करते हुए उसे 91 से 99 प्रतिशत् की श्रेणी में ले जाया जाए जिसके अनुक्रम में ओवरहेड टैंक में मात्र 04 तथा पंप हाउस में मात्र 01 को ही शत्–प्रतिशत पूर्ण की श्रेणी में ले जाए गई जिसकी प्रगति संतोषजनक नहीं है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा बैठक में उपस्थित कार्यदायी संस्था एन.सी.सी. लिमिटेड के परियोजना प्रबंधक को निर्देशित किया गया कि अवर अभियंता श्री कामोद कुमार के क्षेत्रांतर्गत संचालित योजनाओं में ओवरहेड टैंक क्रमशः रहीमपुर व दुल्हापुर, श्री शिवम सिंह के क्षेत्रांतर्गत योजनाओं में ओवरहेड टैंक क्रमशः लालपालपुर व ओदरा पचलाई, श्री रामशंकर के क्षेत्रांतर्गत जरौली रायपुरा, श्री संदीप शुक्ला के क्षेत्रांतर्गत योजनाओं में ओवरहेड टैंक क्रमशः नन्दना, चौधपुर बघरई सइतियापुर व ग्राम पंचायत तेरापुर सौली का **पम्प हाउस,** श्री रितेश सैनी क्षेत्रांतर्गत योजनाओं में ओवरहेड टैंक क्रमशः सिलवारी व टिलिया घटवासा व ग्राम पंचायत दहिरापुर का **बाउड्रीवॉल**, श्री आदर्श कुमार के क्षेत्रांतर्गत योजनाएं नयागांव व नयागांव हबीबपुर, श्री सचिन कुमार के क्षेत्रांतर्गत योजनाएं महिपुरी, श्री अजय कुमार के क्षेत्रांतर्गत योजनाएं बिजगवां व ररी, श्री शुभम वर्मा के क्षेत्रांतर्गत योजनाएं क्रमशः लछीपुर व ईश्वरपुरसाई, श्री सुधीर कुमार गौतम के क्षेत्रांतर्गत योजनाएं क्रमशः खेरवा व खंदेरिया खजहापुर, श्री शेषमणि बिन्द के क्षेत्रांतर्गत योजनाएं विकासखंड शाहाबाद, दलेलपुर, चंदूपुर खैराई व हूसेपुर लुकमान तथा विकासखंड टोडरपुर के क्षेत्रांतर्गत चठिया, शिरोमननगर। इस प्रकार कुल 25 ओवरहेड टैंक, 01 पम्प हाउस व 01 बाउड्रीवॉल का निर्माण कार्य शत्–प्रतिशत पूर्ण करते हुए अगले माह समीक्षा बैठक में अवगत करावें।

**(कार्यवाही– परियोजना प्रबन्धक एन0सी0सी0 लि0 हरदोई।)**

2. समीक्षा बैठक में अधोहस्ताक्षरी द्वारा आई.जी.आर.एस. का विवरण पत्र प्रस्तुत किया गया जिसमें यह पाया गया कि माह मई 2026 में आई.जी.आर.एस. पोर्टल पर जल निगम ग्रामीण से संबंधित कुल 2676 शिकायतें दर्ज की गई जिसमें से 1248 शिकायतें जलापूर्ति, 577 शिकायतें टैप कनेक्शन तथा 540 शिकायतें लीकेज से संबंधित पायी गयी जबकि प्रतिमाह आयोजित समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी महोदय द्वारा यह निर्देशित किया जाता रहा है कि उक्त पोर्टल पर दर्ज शिकायतों की संख्या न्यूनतम होनी चाहिए परंतु उपलब्ध आंकड़ों से यह प्रतीत होता है कि जनपद की कार्यदायी संस्था एन.सी.सी. लिमिटेड द्वारा जन शिकायतों के निस्तारण के प्रति अपेक्षित गंभीरता नहीं ली जा रही है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा अवर अभियंतावार

शिकायतों की समीक्षा की गयी तो पाया गया कि अवर अभियंता– श्री आदर्श कुमार, श्री रितेश सैनी, श्री शिवम सिंह, श्री मनीष कुमार वर्मा व श्री राम शंकर के क्षेत्रों से काफी शिकायतें दर्ज पायी गयी तथा उन लोगों के द्वारा कोई संतोषजनक जवाब भी नहीं प्रस्तुत किया गया। उपरोक्त सभी अवर अभियंताओं का वेतन अग्रिम आदेश तक रोके जाने हेतु निर्देशित किया गया तथा अवर अभियंता श्री संदीप शुक्ला के क्षेत्र से भी माह मई में कुल 149 शिकायतें तथा पिछले माह भी अधिक शिकायतें दर्ज होने तथा संतोषजनक जवाब न प्रस्तुत करने के कारण सेवा से पृथक किए जाने सम्बंधित प्रथम नोटिस दिए जाने हेतु निर्देशित किया गया।

**(कार्यवाही– सहायक अभियंता व अवर अभियंता, जल निगम (ग्रामीण), परियोजना प्रबन्धक एन0सी0सी0 लि0 हरदोई।)**

3. समीक्षा बैठक में अधोहस्ताक्षरी द्वारा प्रगति विवरण प्रस्तुत किया गया जिसमें यह पाया गया कि जनपद हरदोई में कुल 193 किलोमीटर पाइप लाइन डाला जाना शेष है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा जनपद के कार्यदायी संस्था एन.सी.सी. लिमिटेड के परियोजना प्रबंधक से पूछा गया तो उनके द्वारा अवगत कराया गया कि गंगा एक्सप्रेसवे एन.एच.आई. एवं रेलवे क्रासिंग की वजह से उन संस्थानों से एन.ओ.सी. न मिलने के कारण कुछ कार्य प्रभावित हो रहें है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया जितने प्रकरण में अभी तक एन.ओ.सी. नहीं प्राप्त हुए हैं उनकी सूची प्रस्तुत करें तथा जिनमें एन.ओ.सी. प्राप्त हो चुकी है वहां पर अनुमति के अनुसार कार्य प्रारंभ करें।

**(कार्यवाही– परियोजना प्रबन्धक एन0सी0सी0 लि0 हरदोई।)**

Digitally signed by
MANISH GANGWAR
Date: 10-06-2026
12:22:15

अधिषासी अभियन्ता,
जल निगम (ग्रामीण)
हरदोई।

अनुमोदित

Digitally signed by
ANUNAYA JHA
Date: 12-06-2026
12:43:22

जिलाधिकारी,
हरदोई।

**अधिषासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), हरदोई।**

पत्रांक 3266 / [illegible]-70 / 1010 दिनांक: 15/6/26

**प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1. मुख्य विकास अधिकारी, हरदोई।
2. परियोजना प्रबन्धक, एन0सी0सी0, हरदोई को अनुपालनार्थ।
3. जिला समन्वयक, डी0पी0एम0यू0, हरदोई को अनुपालनार्थ।

अधिषासी अभियन्ता
जल निगम (ग्रामीण)
हरदोई।